1245
02/02/16

खण्ड -15 संख्या -17

# एकादश
# बिहार विधान-सभा वादवृत्त

## भाग-2

## कार्यवाही प्रश्नोत्तर रहित

शनिवार, तिथि 17 अप्रैल, 1999 ई०

सत्यमेव जयते

खण्ड -15 संख्या-17

1245
02/02/16

# एकादश बिहार विधान-सभा

## विधान-सभा (वादवृत्त)

## (भाग-2)

## कार्यवाही प्रश्नोत्तर रहित

शनिवार, तिथि 17 अप्रैल, 1999 ई0

# बिहार विधान-सभा वाद-वृत्त

## (भाग-2 कार्यवाही प्रश्नोत्तर रहित)

शनिवार, तिथि 17 अप्रैल, 1999 ई०

**विषय-सूची** **पृष्ठ**


| | |
|---|---|
| 1. शून्य काल : | 01 |
| 2. प्रतिवेदन का उपस्थापन : | 05 |
| 3. वित्तीय कार्य : | 06 |
| 4. निवेदन : | 81 |
| 4. दैनिक निबंध : | 82 |


**टिप्पणी** :- *कोई भी मा० मंत्री एवं मा० सदस्य अपना भाषण संशोधित नहीं किए हैं।*

# शून्य-काल की चर्चा

## ( शून्य-काल )

**श्री राम लषण राम "रमण" :** उपाध्यक्ष महोदय, मधुबनी जिलान्तर्गत खजौली प्रखंड के पश्चिमी कोशी नहर पर बन रहे पुल में घोर अनियमितता बरती जा रही है । कालिकापुर ग्राम के निकट एवं अन्य जगहों में पुलों के निर्माण में 2 नम्बर की ईंट, लोकल बालू, घटिया एवं कम मात्रा मे सीमेंट तथा कम लौह सामग्री डाली जा रही है । काम बहुत ही कमजोर हो रहा है । निगरानी नहीं हो रही है । लूट हो रही है ।

**उपाध्यक्ष :** आप संक्षेप में बोलिये ।

**श्री राम लषण राम "रमण" :** महोदय, मैं संक्षेप में ही बोल रहा हूँ

मैं अंतिम वाक्य बोल रहा हूँ । सरकार उसकी जांच कराकर अविलंब इसकी प्राक्कलित राशि क्या है, प्राक्कलन क्या है, सार्वजनिक करे ताकि उसकी निगरानी हो सके और जांच कराकर सरकार उचित कार्रवाई करे ।

## ( व्यवधान )

**उपाध्यक्ष :** सरकार सूचना ग्रहण करे ।

**श्री प्रशांत कुमार :** उपाध्यक्ष महोदय, मेरा क्या हुआ ?

**उपाध्यक्ष :** आपको अवसर देंगे । आप आसन का ध्यान समय पर आकृष्ट कीजियेगा और उत्तर दिलवायेंगे । आप बैठिये । हम समय पर आपको मौका देंगे । मैं बोल रहा हूँ आप दोनों बात उठाइयेगा ।

**श्री मृगेन्द्र प्रताप सिंह :** उपाध्यक्ष महोदय, जमशेदपुर में निजी विद्यालय, विशेषकर हील टॉप स्कूल, लीटील फ्लावर स्कूल, लोयाला स्कूल, कॉन्वेंट स्कूल, माऊंट कार्मेल स्कूल (सोनारी) आदि में 20-20 हजार रुपया लेकर नामांकन किया जाता है । गरीब, हरिजन और आदिवासी के बच्चे मेधावी होते हुए ऐसे स्कूलों में भर्ती नहीं होते हैं । टेल्को हिल टॉप स्कूल में दिनांक 13.4.99 को स्कूल के सचिव-सह-सहायक महाप्रबंधक नामांकन हेतु 15 हजार रुपए लेकर पिछले दरवाजे से नामांकन करते हैं । मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान आकृष्ट करना चाहता हूँ कि इसी सदन में पिछले सत्र में शिक्षा मंत्री ने आश्वासन दिया था कि निजी स्कूल के संबंध में एक कमिटी बनायेंगे । यह एक सामाजिक न्याय की सरकार है । गरीब बच्चे का नामांकन नहीं हो पाता है । माननीय मंत्री जी एक समिति बनाकर जांच करवाइये तो इस राज्य का कल्याण होगा ।

**श्री मो० नेमतुल्लाह :** आज जो भी प्राईवेट कॉन्वेंट स्कूल हैं, उनमें मोटा पैसा लेकर नामांकन किया जाता है ।

**श्री गुरु सहाय महतो :** उपाध्यक्ष महोदय, गिरिडीह जिलान्तर्गत तिसरी थाना के घंघरीकुरा ओ0पी0 में पुलिस बल अनुपलब्ध है जबकि वहां दारोगा और मुंशी भी हैं । दिनांक 10.4.99 को उग्रवादियों ने मंजूर अंसारी पर गोली चलायी जिससे वह बुरी तरह से जख्मी एवं घायल हो गया और सदर अस्पताल में भर्ती है । जिला में पुलिस बल उपलब्ध नहीं है ।

अत: मैं सरकार से माँग करता हूँ कि घंघरीकुरा ओ0पी0 में अविलंब पुलिस बल उपलब्ध कराया जाये ।

**श्री नरेन्द्र नारायण यादव :** उपाध्यक्ष महोदय, मेरा नाम पुकारा गया लेकिन मुझसे पहले माननीय सदस्य श्री गुरु महाय महतो बोल चुके हैं । इसलिए अब मेरी बारी है ।

**उपाध्यक्ष :** अभी आप बैठिये । आप समय पर उपस्थित नहीं थे, आप खड़ा नहीं हुए ।

**श्री नरेन्द्र ना० यादव :** महोदय, मैं उपस्थित था । मैं खड़ा भी हुआ हूँ, लेकिन उससे पहले वे बोलने लगे ।

**उपाध्यक्ष :** आप उपस्थित नहीं थे ।

**श्री नरेन्द्र ना० यादव :** महोदय, मैं उपस्थित था । मैं खड़ा भी हुआ था ।

**उपाध्यक्ष :** आपने मेरा ध्यान आकृष्ट नहीं किया । आपको मौका देंगे ।

**श्री नरेन्द्र नारायण यादव :** महोदय, इस बीच आप उधर देखने लगे ।

**उपाध्यक्ष :** मैं आपको आश्वासन दे रहा हूँ कि आपको मौका देंगे बोलने के लिए । अभी बैठिये ।

**श्री नरेन्द्र नारायण यादव :** उपाध्यक्ष महोदय,आपने मेरा नाम पुकारा था ।

**उपाध्यक्ष :** अब हम मा0 स0 श्री लक्ष्मण गिलुआ का नाम पुकार दिये हैं । इसलिए आप बैठ जाइये । आपको फिर मौका देंगे ।

**श्री लक्ष्मण गिलुआ :** उपाध्यक्ष महोदय, पश्चिम सिंहभूम जिलान्तर्गत चक्रधरपुर, बंदगांव प्रखंड में भीषण जल-संकट हो गया है । 90 प्रतिशत चापाकल खराब पड़े हैं । कुएं सूख गये हैं । पीने के पानी के लिए हाहाकार मचा हुआ है ।

अतः जनहित में चक्रधरपुर, बंदगांव के आम लोगों को पीने के पानी मिले, यह मैं सरकार से मांग करता हूँ ।

**श्री सत्येदव राम** : उपाध्यक्ष महोदय, सिवान जिलान्तर्गत गुठनी प्रखंड के ग्राम रेवासी, पुरैना में पिछले एक ही दिन आग लगने से अस्सी घर जल कर राख हो गये, अस्सी परिवार भूखों मर रहे हैं अभी तक सरकारी राहत नहीं दी गई है ।

अतः मैं मांग करता हूँ कि सरकार तत्काल राहत और पक्का मकान उनके लिए व्यवस्था करे ।

**श्री अवध बिहारी सिंह** : उपाध्यक्ष महोदय, किशनगंज जिला के टेढ़ागाछ प्रखंड के बीवीगंज थाना के निकट दिनाक 14 अप्रील, 1999 के संध्या में अपराधियों ने गोली मार कर हत्या कर दी है। अभी तक अपराधी गिरफ्तार नहीं हुये हैं ।

अतः सदन में सरकार का ध्यान आकृष्ट करता हूँ कि अपराधियों को गिरफ्तार कर कानूनी कार्रवाई करे ।

**श्री रामाधार सिंह** : उपाध्यक्ष महोदय, औरंगाबाद जिला के गोह थानान्तर्गत पेमा ग्राम के आस-पास के गांवों में आतंक का वातावरण है, उच्च जाति एम0सी0सी0 से तथा हरिजन एवं पिछड़े लोग रणवीर सेना से आतंकित है ।

अतः सरकार पैमा ग्राम में पुलिस पिकेट की व्यवस्था करे । यह मैं मांग करता हूँ ।

**श्री नरेन्द्र नारायण यादव** : उपाध्यक्ष महोदय, मधेपूरा जिलान्तर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, आलमनगर में वर्त्तमान में कार्यरत चिकित्सा पदाधिकारी सहित तीनों चिकित्सक बराबर अनुपस्थित रहते हैं ।

इस कारण आम लोगों को चिकित्सा सुविधा समय पर नहीं मिल पाती है । अनुपस्थित रहने के बावजूद भी ये अपना वेतन उठाते रहे हैं । अतः मैं मांग करता हूँ कि इन चिकित्सकों के विरुद्ध कार्रवाई की जाये ।

**श्री रघुवर दास** : उपाध्यक्ष महोदय, मार्च महीने में जमशेदपुर स्थित टिन प्लेट कंपनी द्वारा एच0 डी0 प्लांट को बंद कर मजदूरों को जबरदस्ती स्वैच्छिक योजना के तहत अवकाश ग्रहण करने के लिए बाध्य किया जा रहा है जिससे मजदूरों में असंतोष है ।

अतः मैं मांग करता हूँ कि सरकार टिन प्लेट कंपनी द्वारा किये जा रहे जबर्दस्ती स्वैच्छिक योजना को रोके ।

**( व्यवधान )**

**( इस अवसर पर माननीय सदस्य, श्री तारकेश्वर सिंह, माननीय सदस्य, श्री रामाधार सिंह एवं माननीय सदस्या, श्रीमती चन्द्रमुखी देवी सदन के वेल में आ गए )**

**उपाध्यक्ष** : इस सदन में किसी भी सांसद के बारे में चर्चा नहीं हो सकती है । इस संबंध में कोई भी बात प्रोसिडिंग में नहीं जायेगी

**( व्यवधान )**

**( अन्तराल के बाद )**

**( इस अवसर पर उपाध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया )**

## सभा के समक्ष प्रतिवेदनों का रखा जाना

**सभा सचिव :** उपाध्यक्ष महोदय, बिहार विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली के नियम 212 के अधीन अध्यक्ष महोदय को समर्पित बिहार विधान सभा के सदस्यों को देय सुविधा की समीक्षा हेतु गठित विशेष समिति का प्रतिवेदन सभा के समक्ष रखता हूँ।

## वित्तीय कार्य

**उपाध्यक्ष :** मंत्री प्रभारी, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग प्रस्ताव करेंगे कि "लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग" के संबंध में दिनांक 31 मार्च, 2000 को समाप्त होने वाले वर्ष के भीतर भुगतान के दौरान में जो व्यय होगा, उसकी पूर्ति के लिए 3,54,77,48,000 (तीन अरब, चौवन करोड़, सतहत्तर लाख, अड़तालिस हजार) रुपये से अनधिक राशि प्रदान की जाय।"

**श्री मुंशीलाल राय :** उपाध्यक्ष महोदय, मैं प्रस्ताव करता हूँ कि ["लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग" के सम्बन्ध में दिनांक 31 मार्च, 2000 को समाप्त होने वाले वर्ष के भीतर भुगतान के दौरान में जो व्यय होगा, उसकी पूर्ति के लिए 3,54,77,48,000 (तीन अरब, चौवन करोड़, सतहत्तर लाख, अड़तालिस हजार) रुपये से अनधिक राशि प्रदान की जाय।"

**उपाध्यक्ष :** इस माँग पर जेनरल नेचर का जो कटौती प्रस्ताव है जिसपर सभी माननीय सदस्य विचार कर सकते हैं। मैं उसी को लेता हूँ। इसमें श्री नवीन किशोर प्रसाद सिन्हा, श्री मृगेन्द्र प्रताप सिंह, श्री प्रेम कुमार, श्री रघुवर दास, श्री पशुपतिनाथ सिंह एवं श्री पारसनाथ सिंह जी का कटौती प्रस्ताव है जो क्रमांक 368 से 373 पर है। माननीय सदस्य श्री नवीन किशोर प्रसाद सिन्हा अपना